दिनांक—09.05.2024 समय—7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :—

- प्रदेश में चौथे चरण की आठ सीटों के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर, मतदान की तैयारियां जारी।
- बैतूल लोकसभा सीट के चार मतदान केन्द्रों पर 10 मई को होगा पुर्नमतदान।
- मतदाता जागरूकता के लिए स्थानीय स्तर पर कार्ययोजना बनाकर घर—घर संपर्क करने पर जोर।
- प्रदेश में राजधानी भोपाल सहित कई जिलों में गरज—चमक के साथ बारिश, मौसम के तेवर में मामूली नरमी।

तीसरा चरण मतदान

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 9 लोकसभा सीटों पर हुई वोटिंग के अंतिम आंकड़े चुनाव आयोग ने कल जारी कर दिए। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और दिग्विजय सिंह के लोकसभा सीटों पर सर्वाधिक मतदान हुआ है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार सभी नौ सीटों पर 66.74 प्रतिशत वोट पड़े हैं। वोटिंग में महिलाओं का प्रतिशत 63.53 रहा है, जबकि 74.82 फीसदी पुरुषों ने मतदान किया है। जारी आंकडों के अनुसार मुरैना लोकसभा सीट पर 58 दशमलव 97, ग्वालियर 62 दशलव 13, भिंड 54 दशमलव 93, गुना 72 दशमलव 43, सागर 65 दशमलव 75, विदिशा 74 दशमलव 48, भोपाल 64 दशमलव 06, राजगढ़ 76 दशमलव 04 और बैतूल लोकसभा क्षेत्र में 73 दशमलव 48 वोट पडे।

पुनर्मतदान—बैतूल

बैतूल लोकसभा सीट के चार मतदान केन्द्रों पर 10 मई को पुर्नमतदान होगा। 7 मई को यहां मतदान के बाद लौट रहे पोलिंग पार्टी की बस में आग लग गई थी, जिससे चार ईवीएम को नुकसान पहुँचा था। घटना की जानकारी चुनाव आयोग को दी गई थी। जिसके बाद भारत निर्वाचन आयोग ने आज मुलताई विधानसभा क्षेत्र के राजापुर, डूडर रैयत, कुंदा रैयत और चीखली माल मतदान केन्द्रों में सुबह 7 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक पुर्नमतदान करने के आदेष दिये हैं। उल्लेखनीय है कि जिले के पौनी गौला गांवों में कल ईवीएम और मतदान कर्मियों को लेकर लौट रही बस में अचानक आग लग गई। हादसे में सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं। इसमें 6 मतदान केदो की ईवीएम मशीन वह अन्य सामग्री रखी हुई थी जिसमें चार मतदान केंद्रों की सामग्री में नुकसान हुआ था।

चिंतन सम्मेलन

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान आज से नई दिल्ली में सशस्त्र बलों के दो दिवसीय सम्मेलन— परिवर्तन चिंतन—2 की अध्यक्षता करेंगे। परिवर्तन चिंतन, सभी त्रि—सेवा संस्थानों के प्रमुखों के लिए एक महत्वपूर्ण सम्मेलन है और इसका उद्देश्य नवीन सुधारात्मक विचारों और पहलों की शुरुआत करना है।

उत्तराखंड के वनों में आग

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में वनों की आग की स्थिति के मद्देनजर रुद्रप्रयाग जिले में पिरुल लाओ—पैसे पाओ मिशन की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने रूद्रप्रयाग जिले में पिरूल यानी चीड़ के पेड़ की पत्तियों की सफाई में भाग लिया और लोगों को जंगल की आग को रोकने के लिए पिरूल लाओ—पैसे पाओ अभियान में भाग लेने के निर्देश दिये। इस अभियान के तहत जंगल की आग को रोकने के लिए स्थानीय ग्रामीणों और युवाओं द्वारा जंगल में पड़े पिरूल को एकत्र कर उसका वजन किया जाएगा और फिर निर्धारित पिरूल भंडार केंद्र में एकत्र किया जाएगा।

जनता की आवाज—आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज—आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो।

आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

## चौथा चरण तैयारियां

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में शांतिपूर्ण मतदान की सभी तैयारियां की जा रही हैं। वहीं राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव प्रचार और तेज कर दिया गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कल मंदसौर, झाबुआ और उज्जैन लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर रोड शो किए और जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने उज्जैन में युवा मोर्च कार्यकर्ता सम्मेलन, देवास लोकसभा सीट के सोनकच्छ में बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन और आष्टा विधानसभा में आयोजित रोड शो में हिस्सा लिया। यहां जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से अच्छे कामों में अडंगे लगाए हैं। वहीं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता चरण सिंह सपरा ने कल रतलाम में संवाददाताओं से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री और प्रदेश सरकार बताए कि भाजपा मध्यप्रदेश के आदिवासी जिलों में रेल कलेक्टीविटी सुधारने में क्यों विफल रही है।

## जागरूकता गतिविधियां

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने चौथे चरण के लिये 13 मई को होने वाले मतदान के संदर्भ में संबंधित कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदाता जागरूकता गतिविधियां लगातार करने के निर्देश दिये हैं। 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को कल वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता के लिए स्थानीय स्तर पर कार्ययोजना बनाकर घर–घर जाकर मतदाताओं से संपर्क किया जाये। सरल, सुगम, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण रूप से निर्विघ्न मतदान कराने के लिए सभी चाक–चौबंद व्यवस्थाएं की जाएं। गर्मी को देखते हुये मतदान केन्द्रों पर छाया, शीतल जल, बैठने की व्यवस्था, कूलर, पंखे, दवा सहित अन्य सभी जरूरी व्यवस्थाएं बनी रहे। श्री राजन ने बताया कि चौथे चरण में 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों के कुल 18 हजार 7 मतदान केन्द्रों में 13 मई को मतदान कराया जायेगा। इनमें से 12 हजार 180 मतदान केन्द्रों की वेबकास्टिंग कराई जायेगी।

## मौसम

प्रदेश में कल मौसम के तेवर कुछ नरम हुए। राजधानी भोपाल, इंदौर, राजगढ़, विदिशा, मंदसौर, नीमच सहित 25 जिलों में कल गरज चमक के साथ बारिश हुई। उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडोरी, सीधी में ओले गिरने की सूचनाएं हैं। मौसम केंद्र ने बताया कि अभी रुक–रुककर बारिश का दौर जारी रहेगा। प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में 9 से 12 मई तक बारिश और आंधी चलने की संभावना है। कल प्रदेश के उज्जैन, इंदौर, धार, रतलाम, ग्वालियर, सहित 20 जिलों में तापमान 40 डिग्री से ज्यादा रहा। गुना में दिन का पारा 43 दशमलव 7 डिग्री था जो प्रदेश में सबसे गर्म था। शिवपुरी जिले में गर्मी के तीखे तेवर जारी हैं। कल 41 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। दिन के समय तेज धूप से बाजारों में सन्नाटा है और सड़कें सूनी देखी जा रही है।

## आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में कल सनराइजर्स हैदराबाद ने लखनऊ सुपर जाइंट्स को दस विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स ने निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट पर 165 रन बनाए। जवाब में सनराइजर्स हैदराबाद ने रिकार्ड 9 ओवर और 4 गेंदों में बिना कोई विकेट खोए 167 रन बना कर मैच जीत लिया। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 75 और ट्रैविस हेड ने 89 रन बनाए। ट्रैविस हेड को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। आज धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में पंजाब किंग्स का मुकाबला रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु से होगा।

समाचार संक्षेप में .....

- नीमच जिले में मतदान दलों के कर्मचारियों को ठहरने के लिए छात्रावास भवनो का अधिग्रहण किया गया है। मतदान सामग्री प्राप्त करने के लिए विभिन्न स्थानों से वाहनों की व्यवस्था की गई है।
- इंदौर जिले में लोकसभा निर्वाचन के लिए दिव्यांग कर्मियों द्वारा प्रबंधित 9 मतदान केन्द्र बनाये जा रहे है। इन मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दलों में नियुक्त होने वाले 72 दिव्यांग कर्मियों को मतदान सुव्यस्थित रूप से कराने का प्रशिक्षण दिया गया।
- इंदौर में लोकसभा निर्वाचन को उत्सवी रूप देने के लिए मतदान केन्द्रों पर विशेष साज–सज्जा की जायेगी। इंदौर शहर में इसके मद्देनजर 25 मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।
- उज्जैन लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत चुनाव लड़ने वाले सभी 9 अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखा का द्वितीय निरीक्षण किया गया।
- 13 मई को होने वाले मतदान के लिये आगर विधानसभा क्षेत्र में कल ग्राम अनुपुरा, ढाबलाआंजना, गुराडियाबडौद, सेवाखेडी का खेडा, गुराडियापिपलोन का खेडा गांवों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं से शत–प्रतिशत मतदान का आव्हान् किया गया।

———————————————